


नवभारत

भोपाल, मंगलवार, 17 मार्च 2026


**एक नजर में**

## पेयजल कन्ट्रोल रूम ने की गाइडलाइन जारी

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। ग्रीष्मकाल में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्प संधारण एवं अन्य पेयजल संबंधी कार्यो की शिकायतों को दर्ज करने तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड में जिला स्तरीय पेयजल कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जाती है। कन्ट्रोल रूम प्रभारी विशाल अग्रवाल रहेंगे।**

कन्ट्रोल रूम प्रात: 8.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक कार्यरत रहेगा। विभागीय हैण्डपम्प खराब,बन्द होने की सूचना कन्ट्रोल रूम के मोबाईल नम्बर पर दी जा सकती है। प्रात: 8.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक संकल्प श्रीवास्तव - 6268368782 एवं अपरान्ह 2.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक शुभम गुप्ता - 8839216114 तथा अवकाश के दिनों में बीएल प्रजापति 9425404270 एवं रमजान खां के मोनं 9981681455 पर संपर्क किया जा सकता है। कंट्रोल रूम के अतिरिक्त विकासखण्ड , बल्देवगढ़ के हैण्डपम्प सुधार कार्य हेतु अरविन्द सिंह मोबाइल नम्बर - 8120086890 सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जतारा,पलेरा के खराब हैण्डपम्प की शिकायत हेतु हर्ष राय मोबाईल नम्बर 8770561195 पर सपर्क करें।

# ठंडे पड़े कांग्रेसियों में जान फूंकने निकला हूं...

**पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया पहुंचे टीकमगढ़**

**मीडिया से हुए रूबरू सीएम बनने के सवाल पर दिया जवाब**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। ठंडे पड़े कांग्रेसियों को मैं गर्म करने निकला हूं। मेरे एवं मेरे पिताजी के समय वाले कांग्रेस ठंडे से पड़ गए हैं अब उनमें जान फूंकने निकले निकला हूं। करके सक्रिय करने का काम करते हुए 2028 की तैयारी में लगा हूं। मैं चाहता हूं कि सभी फिर से मैदान में आ जाएं। सीएम कौन होगा यह तो ऊपर वाले के हाथ में है और किस्मत की बात है, पहले सरकार तो बना लें हम...। यह बात कांग्रेस पार्टी के चुरहट विधानसभा सीट से विधायक पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया ने पत्रकार के सवाल पर जबाव के दौरान कही। इतना ही नहीं उन्होंने इसके साथ ही कई और बड़ी बातें भी कही।**



दरअसल पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस से विधायक अजय सिंह राहुल भैया अपने दौरे के तहत आज टीकमगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह यात्रा सिर्फ इसलिए निकाल रहा हूं कि मेरे एवं मेरे पिताजी के जो जानने वाले हैं उन्हें गर्म किया जाए। क्योंकि कई पुराने कांग्रेसी ठंडे पड़ गए हैं। इसलिए मैं यात्रा के जरिए उन्हें सक्रिय होने के काम में लगा हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार बनने एवं बनाने में सभी का सहयोग रहा तो 2028 में कांग्रेस की सरकार आ जाएगी। इतना ही नहीं यह सरकार पूरे पांच साल तक चलेगी।

### प्रधानमंत्री आवास और पुलिस लाइन पार्क निर्माण कराएं

टीकमगढ़ विधानसभा से विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने कहा कि जो लोग आज नगर पालिका पर आरोप लगा रहे हैं उनमें कोई और नहीं वही व्यक्ति है जिसके चमचों ने प्रधानमंत्री आवास बनाने के नाम पर भ्रष्टाचार किया। यह वही व्यक्ति है जिसने आज तक पुलिस लाईन पार्क के निर्माण कार्य को नहीं होने दिया। अब यही व्यक्ति नगर पालिका के होने वाले निर्माण कार्यों में अड़ंगा डालता है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कांग्रसी विधायकों द्वारा कार्यों को अपना बताकर झूठा श्रेय लूटते हैं जबकि हमारे पास उनके पत्राचार हैं। हालांकि मैं इनको क्या कहूं जनता ने जबाव पहले ही दे दिया है।

### आरोप पत्र पर हाईकोर्ट की शरण ली है : मलिक



अजय सिंह राहुल भैया की प्रेस कांफ्रेंस में जब पत्रकारों ने पूंछा कि आपकी कांग्रेस शासित नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ आरोप पत्र जारी हुआ, तो उन्होंने इसका जबाव देने के लिए वहां मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार से कहा। इस दौरान अब्दुल गफ्फार ने कहा कि जो आरोप लगे हैं वह निराधार हैं। उसमें अनियमितताओं के आरोप हैं जबकि वह अनियमितताएं अध्यक्ष नहीं इंजीनियर एवं सीएमओ से संबंधित हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसके लिए उन्होंने आरोप पत्र का जबाव भेज दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप पत्र पर उन्होंने हाईकोर्ट का सहारा लिया है। आगे अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने कहा कि 18 तारीख को इस मामले में सुनवाई है उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह जीतेंगे। उन्होंने कहा कि 18 तारीख को मामले में हाईकोर्ट से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। निश्चिंत रहिए कांग्रेस ही जीतेगी। मैं कांग्रेस का सिपाही हूं।

### सिंधिया तय करें कि वो ताकतवर हैं या नरेन्द्र सिंह

इतना ही नहीं कांग्रेस पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल भैया से जब पत्रकार ने पूंछा कि सिंधिया आपकी नजर में कितने ताकतबर नेता हैं, तो उन्होंने कि कि वो पहते यह तय कर लें कि वो ताकतवर हैं या फिर नरेन्द्र सिंह तोमर. इसी दौरान कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि जब कांग्रेस में थे कि चौथी कुर्सी मिलती थी, अब हालात देख लो क्या हो गए हैं। किसी को बताने की जरूरत नहीं।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार




**नवभारत न्यूज, पलेरा। जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के अभियान के तहत पलेरा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक युवक को अवैध हथियार के साथ रंगे हाथों दबोचा है।**

पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा है, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका थी। सूचना मिलते ही पलेरा पुलिस सक्रिय हुई और त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की। इस दौरान वार्ड नंबर 12, पलेरा निवासी शालिनी उर्फ नसीम पिता नत्थू शाह को पुलिस ने हिरासत में लिया ।तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है ।पुलिस अब इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रही है कि आरोपी यह अवैध हथियार कहाँ से लाया था और उसका इरादा क्या था। पुलिस इस गिरोह के अन्य कड़ियों को जोड़ने का प्रयास कर रही है ताकि अवैध हथियारों की तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा ताकि आम जनता खुद को सुरक्षित महसूस कर सके। लगातार पुलिस इन दिनों अवैध गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।

## प्रतिदिन का लक्ष्य बनाकर शिकायतों का कराएं निराकरण : सीईओ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए शिकायतों के संतुष्टीपूर्व निराकरण कराने के निर्देश दिए। यह निर्देश सोमवार को टीएल बैठक में प्रभारी कलेक्टर के रूप में मौजूद जिला पंचायत सीईओ ने दिए हैं।**

हर सोमवार को होने वाली टीएल बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री धुर्वे ने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुये शिकायतों के संतुष्टीपूर्वक निराकरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रतिदिन का लक्ष्य बनाकर सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करायें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री धुर्वे ने संकल्प से समाधान अभियान की विस्तार से समीक्षा की। संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत 17 मार्च मंगलवार को जनपद जतारा एवं 18 मार्च बुधवार को जनपद पलेरा में जनपद स्तर के शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग प्रमुख हितग्राही मूलक योजनाओं को नोडल अधिकारियों से समन्वय करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करायें। इसके साथ ही लंबित प्रकरण को निराकृत कराएं तथा निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए अभियान में प्रगति लाएं। उन्होंने कहा कि जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत इस वर्ष 19 मार्च 2026 से प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने अभियान संबंधी समस्त गतिविधियों की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जाति आयोग एवं विभिन्न आयोग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिये।

## शहर में बाजार वाले रास्तों में लगता है घंटों जाम

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में बाजार वाले रास्तों पर प्रतिदिन लोडिंग वाहनों के कारण आवाजाही की बाधा होती है। प्रतिदिन देर शाम लोडिंग वाहन बाजार के सभी अंदरूनी रास्तों की बाधित करते हैं। शहरवासियों ने सुधार की प्रशासन से मांग की है।**

नागरिकों के अनुसार कई व्यापारी सड़कों पर सामग्री फैलते हैं। मार्ग पर ही सामग्री की अनलोडिंग की जाती है। जब तक अनलोडिंग नहीं हो जाती, तब तक बाजार के मागों पर आवाजाही बाधित होती है। यदि कोई अन्य चारपहिया वाहन इस दौरान बाजार क्षेत्र से गुजरता है तो जाम लगना तय हो जाता है। वहीं दुकानों का विस्तार भी मुख्य बाजार पर कर दिया जाता है। जिसके कारण बाधा और अधिक बढ़ जाती है। वहीं एक कार किसी व्यक्ति द्वारा मुख्य मार्ग पर पार्क कर दी गई थी। कार चालक बीच सड़क पर वाहन खड़ाकर सामाग्री लेने के लिये बाजार क्षेत्र में चला गया था। शहर के बाजार वाले रास्तों पर प्रतिदिन लोडिंग वाहनों के कारण आवाजाही की बाधा होती है। प्रतिदिन देर शाम लोडिंग वाहन बाजार के सभी अंदरूनी रास्तों की बाधित करते हैं। शहरवासियों ने सुधार की प्रशासन से मांग की है।

## न्यायालयों में प्रकरणों की सुदृढ़ पैरवी के लिए हुई कार्यशाला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संचालक लोक अभियोजन संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार रविवार को स्थानीय होटल में अभियोजन अधिकारियों के कार्य की गुणवत्ता, प्रभावशीलता एवं न्यायालयों में प्रकरणों की सुदृढ़ पैरवी करने हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संबंध में जैनेन्द्र कुमार जैन प्रभारी उप निदेशक द्वारा बताया गया कि कार्यशाला में जिला के समस्त अभियोजन अधिकारी के साथ-साथ समस्त लोक अभियोजक/अपर लोक अभियोजक उपस्थित रहे।**



कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रवीणा व्यास द्वारा किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन के समय श्री अशरफ अली विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज एक्ट), श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट), प्रियंक दुबे मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी टीकमगढ़, राकेश जाटव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, उप जिला अध्यक्ष सुशील कुमार तोमर, विक्रम सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी राहुल कटरे पुलिस विवेचना अधिकारी, वन अनुसंधानकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे।

## ई-गवर्नेंस के माध्यम से आधार पंजीयन कार्य जारी

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। समस्त आधार ऑपरेटरों को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी के माध्यम से आधार पंजीयन का कार्य किया है। यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार एमपीएसईडीसी भोपाल से नवीन आधार एवं मेंडेटरी अपडेट की राशि का भुगतान जून 2018 से नबम्बर 2024 तक के लिये जिला ई गवर्नेंस सोसायटी के द्वारा आधार ऑपरेटर को किया जाना है**

जमा की गयी राशि, एवं सुरक्षा निधि समायोजन के उपरांत आपसे राशि जिला ई- गवर्नेंस सोसायटी के खाते में जमा कराए जाना शेष है। राशि जमा कराना सुनिश्चित करें, राशि जमा नहीं होने की स्थिति में जिला ई- गवर्नेंस सोसायटी आधार संबंधी कार्यो से ब्लैकलिस्ट की जाएगी।

## जागरुकता के अभाव में होते हैं शोषण व ठगी का शिकार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपभोक्ता जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की सदस्य डॉ. प्रीति सिंह परमार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। इसके पश्चात् जिला आपूर्ति अधिकारी कुलदीप मौर्य ने उपभोक्ताओं को परिभाषित करते हुए कार्यक्रम के लक्ष्यों से सभी को अवगत कराया।**



विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति सिंह परमार ने कहा कि उपभोक्ता जागरूकता एवं जानकारी के अभाव में शोषण व ठगी का शिकार होता है। उन्होंने उपभोक्ताओं के साथ घटित विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए सभी को जागरूक किया। उपभोक्ताओं को जागरूक होने की आवश्यकता है ।खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष जैन ने शिकायतों के लिये विभिन्न स्तरों के आयोगों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और कहा कि कार्यवाही के लिये उपभोक्ताओं को रसीद जरूर लेना चाहिये, उन्होंने शोषण से बचने के लिये विभिन्न उपायों एवं सावधानियों की जानकारी दी ।कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सार्थक तिवारी ने कहा कि उपभोक्ता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना है। जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त उपभोक्ता होता है। नापतौल विभाग की ओर से खुशीलाल रैकवार ने नापतौल के समय ध्यान देने लोग आवश्यक सावधानियों से सभी को अवगत कराया ।

## चोरों ने सूने घर को बनाया निशाना लाखों की चोरी की वारदात

**बम्हौरीकलां थाना क्षेत्र अंतर्गत मकान से चोरी**

**पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश की शुरू**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। बम्होरी कलां थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात बमोरी कलां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भगवंतपुरा के अनंतपुरा खिरक में अज्ञात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये नगद और भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। इस सनसनीखेज चोरी से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।**



जानकारी के अनुसार, शातिर चोर देर रात घर में दाखिल हुए। गृहस्वामी और परिजनों को भनक तक नहीं लगी और चोरों ने इत्मीनान से अलमारियों के ताले तोड़कर नकदी समेत कीमती सामान समेट लिया। सुबह जब परिवार के सदस्य सोकर उठे, तो घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। संदूक और अलमारियां खुली पड़ी थीं और उनमें रखी जीवन भर की कमाई गायब थी।

पुलिस ने शुरू की जांच घटना की सूचना मिलते ही बमोरी कलां थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के लोगों और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। हालांकि, इतनी बड़ी रकम और जेवरात की चोरी ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों में आक्रोश और भय अनंतपुरा खिरक के ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इतनी बड़ी चोरी पहले कभी नहीं हुई। इस घटना के बाद से ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और माल बरामदगी की मांग की है। रात के अंधेरे में दिया अंजाम जानकारी के अनुसार, शातिर चोर देर रात घर में दाखिल हुए।

गृहस्वामी और परिजनों को भनक तक नहीं लगी और चोरों ने इत्मीनान से अलमारियों के ताले तोड़कर नकदी समेत कीमती सामान समेट लिया। सुबह जब परिवार के सदस्य सोकर उठे, तो घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। संदूक और अलमारियां खुली पड़ी थीं और उनमें रखी जीवन भर की कमाई गायब थी।

**अव्यवस्था**

**500 से अधिक छात्र-छात्राएं कॉलेज में अध्ययनरत**

# कॉलेज में बच्चों के लिए नहीं हैं अच्छी व्यवस्था, शौचालयों पर लटके ताले

**नवभारत न्यूज मोहनगढ़। शासकीय महाविद्यालयों में बच्चों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर महाविद्यालयों में हर महीने समीक्षा बैठक की जाती है और कमियों को चिन्हित कर उनके सुधार को लेकर योजना बनाई जाती है लेकिन शासकीय महाविद्यालय मोहनगढ़ में अध्ययनित छात्रों ने महाविद्यालय प्रबंधन पर घोर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। अध्ययनित छात्र छात्राओं ने बताया महाविद्यालय में 500 से अधिक छात्र छात्राएं अध्यानित है, जिनके लिए ना तो पीने के पानी की व्यवस्था है और ना ही बिजली की व्यवस्था जिससे महाविद्यालय में प्रयोग लैब एवं कंप्यूटर की कक्षाओं के साथ शौचालयो में ताले लटके रहते है और छात्र-छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।**




यहां तक की छात्रों द्वारा बताया गया कि गर्मी का समय आ गया है और महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा महाविद्यालय में पीने के पानी के कोई इंतजाम नहीं किए गए ऐसे में छात्रों को 1 किलोमीटर दूर बस स्टैंड पर नाश्ता एवं भोजनालय की दुकानों पर पानी पीने के लिए जाना पड़ता है इतना ही नहीं महाविद्यालय में पानी की समस्या को देखते हुए शौचालय बंद रहती हैं जिससे दूर से आई हुई बच्चियां महाविद्यालय में लंबे समय अध्ययन के लिए रुक नहीं पाती हैं।

छात्रों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य को कई बार अवगत कराया गया विद्यालय प्राचार्य गनेश प्रसाद अहिरवार का कहना है कि हम क्या करें हम ओर हमारा स्टाफ परेशान रहता हैं आप सभी का परेशान होना कोई बड़ी बात नहीं है।

बच्चों का कहना है कि महाविद्यालय में पानी की गंभीर समस्या होने के कारण धीरे-धीरे छात्राओं ने विद्यालय आना बंद कर दिया है, महाविद्यालय में पीने के पानी की भारी किल्लत के कारण छात्र बूंद-बूंद को तरस रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। पानी की कमी के कारण छात्रों को एकाग्रता और स्मृति में समस्या आ सकती है, जो उनके प्रदर्शन को कम कर सकती है। महाविद्यालय में शौचालय चालू न होने की वजह से जगह-जगह गंदगी पनप रही है जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है।

### निजी फंड से करते हैं बिजली की व्यवस्था : प्राचार्य

जब इस विषय में महाविद्यालय के प्राचार्य गनेश प्रसाद अहिरवार से बात की गई तो उन्होंने बताया हम क्या कर सकते हैं विभाग को कई बार अवगत करा चुके हैं, हमारे पास कोई निजी फंड प्राप्त नहीं है जिससे हम पानी की व्यवस्थाएं कर पाए, महाविद्यालय में बिजली की व्यवस्था भी हम बड़ी मुश्किल से अपनी जेब का लगाकर कर पाए है। बच्चे तो कुछ भी आरोप लगा सकते है हमें उससे क्या लेना देना।

## मुर्गी पालन हेतु विशेष शिविर किया गया संपन्न

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ द्वारा अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 200 अनुसूचित जाति के किसानों के लिए उन्नत मुर्गी पालन विषय पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के अनुसूचित जाति कृषकों को मुर्गी पालन के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने और आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रेरित करना है। अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत प्रत्येक प्रशिक्षित कृषकों को मुर्गी पालने हेतु आगे एक पिंजड़ा घर एवं 20-25 अच्छी नस्ल के मुर्गियों की प्रजातियाँ के चूजे एवं भोजन आहार (आई.सी.ए.आर., भारत सरकार कुक्कुट विकास निदेशालय, हैदराबाद) द्वारा वित्तीय रूप से सहयोग प्रदान किया जायेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी.एस. किरार ने अपने संबोधन में कहा कि मुर्गी पालन एक ऐसा व्यवसाय है जिसे कम लागत और कम समय में शुरू किया जा सकता है। यह न केवल ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाता है, बल्कि पोषण सुरक्षा (अंडे और मांस के रूप में) भी प्रदान करता है। उन्होंने किसानों से शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर इसे वैज्ञानिक पद्धति से अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में तकनिकी सत्र के दौरान केंद्र के वैज्ञानिक एवं परियोजना नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. प्रजापति, जिनके प्रयास से ये योजना अपने जिले के किसानों को लाभान्वित करेगी एवं तकनिकी मार्गदर्शन में बुन्देलखण्ड क्षेत्र में वैज्ञानिक रूप से मुर्गीपालन पर व्याख्यान दिया । मुर्गियों के लिए उचित शेड निर्माण और संतुलित आहार, टीकाकरण और स्वास्थ्य मुर्गियों में होने वाली प्रमुख बीमारियों से बचाव और समय पर टीकाकरण, बायो-सिक्योरिटी फार्म पर साफ-सफाई और संक्रमण रोकने के उपाय से अवगत कराया।

## एलपीजी आपूर्ति की सुनिश्चिततता के लिए कंट्रोल रूम बना

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार घरेलू एलपीजी आपूर्ति की सुनिश्चितता करने हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने हेतु जिले में जिला मुख्यालय पर कार्य का सुचारू रूप से संचालन हेतु कार्यालय कलेक्टर नियंत्रण कक्ष में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07683-242242 है।**

कन्ट्रोल रूम प्रात: 10.30 बजे से सांयकाल 5.30 बजे तक चालू रहेगा। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों को प्राप्त करने व निराकरण किये जाने हेतु कंट्रोल रूम प्रभारी अमन गोयल, प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन, के सहयोग में नियंत्रण कक्ष कन्ट्रोल रूम में सलग्न कम्प्यूटर ऑपरेटरों की डयूटी लगाई गई है।